प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

24.09.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:50बजे

मुख्य समाचार''

- उच्च न्यायालय की कार्रवाई का सीधा प्रसारण शुरू करने वाला हिमाचल बना देश का 10वां उच्च न्यायालय–मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया ने किया शुभारंभ।
- वरिष्ठ भाजपा नेता श्रीकांत शर्मा को एक बार फिर मिली प्रदेश प्रभारी की जिम्मेदारी; उत्तर प्रदेश राज्य सभा सांसद दर्शना सिंह होंगी सह प्रभारी।
- राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण लाहौल–स्पीति स्पीति की दो अहम सड़क परियोजनाओं को केंद्र सरकार व रक्षा मंत्रालय ने प्राथमिकता में किया शामिल।
- नगर निगम हमीरपुर ने शहर को स्वच्छ और कूड़ा मुक्त बनाने के उद्देश्य से एक माह का स्वच्छता जागरूकता अभियान किया शुरू।
- प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ–मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से 26 से 28 सितम्बर तक बारिश का यलो अलर्ट किया जारी।

उच्च न्यायालय

हिमाचल उच्च न्यायालय में अब अदालती कार्रवाई का सीधा प्रसारण देखा जा सकेगा। मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया ने अदालत की कार्रवाई का सीधा प्रसारण और उन्नत हाइब्रिड वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा का कल शुभारंभ किया। इसके साथ ही प्रदेश हाइकोर्ट अब देश का ऐसा 10वां उच्च न्यायालय बन गया है जहां अदालती कार्यवाही का सीधा प्रसारण देखा जा सकेगा। इस अवसर पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि न्याय केवल होना ही नहीं बल्कि दिखना भी चाहिए। उन्होंने कहा कि हिमाचल के पहाड़ी और दुर्गम क्षेत्रों को देखते हुए लाइव स्ट्रीमिंग की सुविधा आम लोगों, वकीलों व कानून के विद्यार्थियों के लिए उपयोगी साबित होगी।

जन सेवा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जन सेवा में 25 वर्ष पूरे कर रहे हैं। उनकी यह यात्रा जन सेवा से देश सेवा के मंत्र और निरंतर समर्पण से जुड़ी रही है। इसी सेवा और सुशासन की सोच के साथ सरकार 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए लगातार काम कर रही **है। विशेष श्रृंखला में आज बात अटल इनोवेशन मिशन की**। 'अटल इनोवेशन मिशन' जिसे वर्ष 2016 में स्थापित किया गया था। देश में नवाचार और उद्यमिता की सांस्कृति को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार की एक

प्रमुख पहल है। इसका उद्देश्य स्कूलों में समस्या के समाधान और नवाचार की सोच विकसित करना तथा विश्वविद्यालयों, अनुसंधान संस्थानों, निजी क्षेत्र और एमएसएमई में उद्यमिता का एक सशक्त इको सिस्टम तैयार करना है। वर्ष 2016 में आकाशवाणी पर प्रसारित 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करते हुए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि सरकार ने अटल इनोवेशन मिशन के माध्यम से नई पीढ़ी को विज्ञान और अनुसंधान की ओर आकर्षित करने के लिए कदम उठाए हैं।

**नियुक्तियां**

भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन ने सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए पार्टी प्रभारी और सह–प्रभारियों की नियुक्ति की है। भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व ने एक बार फिर वरिष्ठ नेता श्रीकांत शर्मा पर भरोसा जताते हुए उन्हें हिमाचल भाजपा का प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया है। उत्तर प्रदेश से राज्य सभा सांसद दर्शना सिंह को प्रदेश का नया सह प्रभारी बनाया गया है। वहीं पच्छाद से विधायक रीना कश्यप को जम्मू–कश्मीर भाजपा का सह–प्रभारी बनाया गया है। हिमाचल भाजपा के प्रभारी के रूप में दोबारा नियुक्त किए गए श्रीकांत शर्मा पार्टी संगठन और चुनावी प्रबंधन का लंबा अनुभव रखते हैं। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में उन्हें हिमाचल प्रदेश का चुनाव प्रभारी बनाया गया था। उत्तर प्रदेश से राज्यसभा सांसद दर्शना सिंह का राजनीतिक सफर महिला मोर्चा से शुरू होकर राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचा है। उधर, पच्छाद से विधायक रीना कश्यप की नियुक्ति को हिमाचल भाजपा के लिए विशेष उपलब्धि माना जा रहा है।

**अनुराधा राणा**

राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से लाहौल–स्पीति जिले की दो महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को केंद्र सरकार व रक्षा मंत्रालय ने प्राथमिकता दी है। विधायक अनुराधा राणा ने बताया कि **सुमदो–क्योटो–कोरजोक मार्ग** को प्राथमिकता–एक में शामिल किया गया है। करीब सौ किलोमीटर लंबा यह मार्ग स्पीति के क्योटो को लद्दाख के कोरजोक क्षेत्र से जोड़ेगा और सीमावर्ती क्षेत्र का वैकल्पिक संपर्क मजबूत करेगा। **अधिक ब्यौरे के साथ लाहौल स्पीति से हमारे संवाददाता।...........**

**स्वच्छता जागरूकता अभियान**

नगर निगम हमीरपुर ने शहर को स्वच्छ और कूड़ा मुक्त बनाने के उद्देश्य से एक माह का स्वच्छता जागरूकता अभियान शुरू किया है। ये अभियन 17 सितंबर से शुरू हुआ जो 17 अक्टूबर तक चलेगा। अभियान के तहत लोगों को स्वच्छता के महत्व के साथ घरों और दुकानों से निकलने वाले कूड़े के उचित निस्तारण की जानकारी भी दी जा रही है। **अधिक ब्यौरे के साथ हमारे हमीरपुर जिला संवाददाता की ये रिपोर्ट**

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 सितंबर को सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ 38वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी चैनलों, एआईआर न्यूज़ की वेबसाइट और न्यूज़.ऑन.एआईआर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। साथ ही आकाशवाणी समाचार,

दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर इसका सीधा प्रसारण भी होगा।

**आत्मनिर्भरता**

कांगड़ा जिला की महिलाओं के लिए आत्मसम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक नई पहल शुरू हुई है। पालमपुर के सुंगल में मिशन शक्ति के तहत जिला कांगड़ा के पहले शक्ति सदन यानी स्वाधार गृह का शुभारंभ किया गया है। यह सदन कठिन परिस्थितियों से गुजर रही महिलाओं को न केवल सुरक्षित आश्रय देगा, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाकर समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का भी काम करेगा। **अधिक ब्यौरे के साथ हमारे कांगड़ा जिला संवाददाता..........डिस्पेच**

**मौसम**

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज दिन की शुरूआत खिली धूप के साथ हुई है। हालांकि मौसम विभाग ने आज से राज्य में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना जताई है। जिसके चलते आज व कल राज्य के कुछ स्थानों में हल्की बारिश की संभावना है। वहीं विभाग ने प्रदेश में 26 से 28 सितंबर को बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

**अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर....**

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

**अमर उजाला** के शब्द हैं **अनुबंध कर्मचारियों से अतिरिक्त वेतन की रिकवरी पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक।**

**पंजाब केसरी और दिव्य हिमाचल** ने खबर को लगभग एक जैसा शीर्षक दिया है **घेपन झील की स्थिति खतरनाक, 5 मिनट में मचा सकती है भारी तबाही।**

**दैनिक भास्कर** के अनुसार **पर्यटन स्थलों पर एंट्री टैक्स लगाने की तैयारी, जल्द तैयार होगा मसौदा, प्रदेश में कूड़ा प्रबंधन के लिए बनेगा अब नया सिस्टम।**

**दैनिक जागरण** का कहना है **एचआरटीसी के बेड़े में आएंगी 3 सौ 50 नई बसें, पुरानी जे एन एन यू आर एम बसें हटेंगी।**

**पेंशनरों को अक्तूबर में मिलेगा लंबित एरियर हिमाचल दस्तक** की एक खबर है।

......................................